घायल युवक जयपुर रैफर

पाटन,(नि.सं.)। पाटन थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत धांधेला के राजस्व ग्राम मिंडाला में रविवार को विद्युत की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको जयपुर रेफर किया गया है। घायल के भाई हनुमान प्रसाद यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 15 दिनों से विद्युत पोल टूटा हुआ था जिसकी 11 केवी लाइन नीचे गिरी हुई थी। सूचना हमने विभाग को दे दी थी। विभागीय कर्मचारियों द्वारा दो तारों का करंट तो बंद कर दिया गया परंतु तिसरे तार का करंट बंद नहीं किया जिस कारण तीसरे तार में करंट सुचारू रूप से बह रहा था। रविवार को छोटा भाई रणवीर यादव अपने खेत में गेहूं की कटाई कर रहा था। अचानक से टूटे हुए तार से करंट आ गया। जिससे मेरा भाई रणवीर गंभीर रूप से घायल हो गया और झुलस गया। घायल को पाटन राजकीय रैफफल चिकित्सालय लाया गया जहां रणवीर को कोटपूतली रेफर कर दिया। कोटपूतली लेकर पहुंचे तो डाक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जयपुर रेफर कर दिया।

भाईचारा व प्रेम बनाए रखना हम सभी का दायित्व : मंडेलिया

चूरू, (का. सं.)। चूरू जिला मुख्यालय स्थित दादाबाड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक हाजी मकबूल मंडेलिया तथा रफीक मंडेलिया की ओर से हुई रोजा इफ्तार दावत में बड़ी संख्या में रोजेदारों एवं अन्य लोगों ने शिरकत की।

इस मौके पर रोजा इफ्तार दावत में शामिल हुए सरदारशहर विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि आपसी भाईचारा और प्रेम हमारे देश की पहचान है। यहां सभी धर्मों, जातियों के लोग आपसी सद्भाव के साथ रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रेम और भाईचारे का कोई विकल्प नहीं है।

रोजा इफ्तार पार्टी में आए लोगों का स्वागत करते हुए पूर्व विधायक हाजी मकबूल मंडेलिया ने कहा कि हम सभी को एक दूसरे के मजहब का सम्मान करना चाहिये। हम यदि दूसरे धर्म के लोगों का असम्मान करते हैं तो न केवल स्वयं के धर्म का अपमान करते हैं, अपितु इस देश को भी कमजोर कर रहे होते हैं।

उन्होंने कहा कि देश में कुछ लोग इस सद्भाव, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र को कमजोर करने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि देश व समाज को तोड़ने वाली इन ताकतों को मुंहतोड़ जवाब दें।

इस मौके पर चूरू नगरपरिषद सभापति पायल सैनी ने कहा कि हमें हर हाल में आपसी सद्भाव व भाईचारे को बनाये रखना है। चूरू शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद असलम खोकर ने सर्वसमाज के लोगों का आभार प्रकट किया। चूरू शहर काजी मोलाना अहमद साहब ने देश में अमन-चेन व भाईचारा कायम रखने की दुवाएं मांगी।

इस मौके पर रतनगढ प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज खिचड, पूर्व प्रधान पुसाराम गोदारा, पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया, पंचायत समिति प्रतिपक्ष नेता धर्मेन्द्र बुडानिया, किसान नेता आदूराम न्यौल, गोलसर सरपंच उम्मेद सिंह, जिला परिषद सदस्य कमला पूनिया, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नारायण बालाण, उमरदीन सयैद, आसिफ खोखर, सुनिता जांगिड, युसुफ खां मोयल, ज्योती सिंह, रामेश्वर नायक, दीपिका सोनी, निरज शर्मा, यासीन खां, विमल शर्मा, संजय भाटी, अजीज दिलावरखानी, अजय दाधिच, नगर अध्यक्ष लीलाधर चुलैट, ईस्माइल भाटी, राजीव बहड, सुशील औझा, नौसाद अलमाण, ओमप्रकाश बाकोलिया, हमीद रिसालदार, मूलचंद जांगिड, प्रभु सैनी, विनय कुमार शर्मा, सोहनलाल मेघवाल, श्रवण बसेर, किशानाराम बाबल, जंगशेर खां भुवाण, राजु मेघवाल, जंगशेर खां पिथिसर, अली मोहम्मद भाटी, साहिद खान, तोफिक खान, शाहरूख खान, समीउल्लाह गौरी, आबीद जाबासरिया, अनिस खान, शकुर शेख, नोमान सयैद, आरिफ कुरेशी, जमील खिलजी, प्रवीण शर्मा, विनोद खटीक, विजय सारस्वत, खालीद कुरेशी, चन्द्रप्रकाश सैनी, आरिफ रिसालदार, मुन्शी खां चांदखानी, रविन्द्र शर्मा, निसार खां, कुलदीप सैनी आदि उपस्थित रहे।

फुले की जयंती पर अवकाश से खुशी

उदयपुरवाटी, (नि,सं,। महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती 11 अप्रेल को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने पर कस्बे में घूमचक्कर के निकट लोगों ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया। लोगों ने एक दूसरे को लड्डू बांट कर खुशी का इजहार किया। एडवोकेट मोतीलाल सैनी, पार्षद श्यामलाल सैनी, ताराचंद नांगल, रामजीलाल जांगिड़, किसान नेता धन्नाराम सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे ।

कई लोगों ने थामा बसपा का दामन

सादुलपुर, (नि.सं.)। मनोज न्यांगली ने बीते रोज से पंचायत स्तरीय जन-संवाद कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत ताम्बाखेडी से की। ग्राम पंचायत ताम्बाखेडी के तीनों गाँव धानोठी छोटी, चुबकियागढ़, ताम्बा खेडी सहित नजदीकी गाँव रेजडी, बडी धानोठी, दुमकी, रामसरा, भीमसाना आदि गांवों के सैकड़ों लोगों ने इस अवसर पर कांग्रेस व बीजेपी छोडक़र बसपा का दामन थामा। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मनोज न्याँगली को मुख्य चौक से घोडी पर बैठाकर पुष्प वर्षा करते हुए हुजूम के रूप में अम्बेडकर धर्मशाला लाए। आयोजन स्थल पर पंचायत के सरपंच बलबीर मेहरा सहित क्षेत्र के सैकड़ों बसपा कार्यकर्त्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

E-Mail Address -eonp.sdlp@yahoo.in Phone :- 01559 - 222039

क्रमांकः-न.पा.रा/2023-24/255-56 दिनांकः-10.04.2023

आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा तामिर स्वीकृति /कृषि भूमि नियमन/खांचा भूमि नियमन/स्टेट ग्रान्ट एक्ट/69ए हेतु आवेदन किया है। जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में आपति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस में व लोक सूचना के लिए 15 दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित में पेश कर देवे। संपूर्ण जानकारी के लिए नगरपालिका राजगढ़ (चूरू) की भूमि-शाखा कमरा नं. 10 से पता करें। समयावधि निकलने के पश्चात आपति विचारानीय नही होगी। विवरण निम्नानुसार है।

क्र. सं.	पत्रावली	नाम आवेदक / कृषि भूमि नियमन	खसरा नं.	क्षेत्रफल
1	5259/27.03.2023	सोमवीर पुत्र जगनाराम जांगिड़, वार्ड नं.11 सांखू रोड के पास, राजगढ़ (चूरू)	797	494.97 वर्ग मीटर
2	5260/28.03.2023	सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्रीचन्द, वार्ड नं. 16 सुभाष नगर, राजगढ़ चूरू	924	261.96 वर्ग मीटर
3	5261/28.03.2023	अली मोहम्मद पुत्र यासीन खान, वार्ड नं. 24 बहल रोड के पास, राजगढ़ (चूरू)	1165	92.89 वर्ग मीटर
4	5262/28.03.2023	सुनिता पत्नी गोपीराम, वार्ड नं. 15, सुभाष नगर, राजगढ़ (चूरू)	774	111.47 वर्ग मीटर
5	5263/28.03.2023	जेठी पत्नी नारायणराम, वार्ड नं. 15 सुभाष नगर, राजगढ़ (चूरू)	771	170.92 वर्ग मीटर
6	5264/28.03.2023	रेशमी पत्नी बाबूलाल, वार्ड नं. 15 सुभाष नगर, राजगढ़ (चूरू)	774	111.47 वर्ग मीटर
7	5265/28.03.2023	सुमेरसिंह पुत्र मानसिंह, वार्ड नं. 01, तारानगर नगर रोड, राजगढ़ (चूरू)	221	116.12 वर्ग मीटर
8	5266/28.03.2023	मनोज कुमार पुत्र गोरीशंकर, वार्ड नं. 14 ज्योतिनगर, राजगढ़ (चूरू)	755	176.50 वर्ग मीटर
9	5267/28.03.2023	नजमा बेगम पत्नी मोहम्मद सवाले, वार्ड नं. 24 धीरू खां की ढाणी, राजगढ़ (चूरू)	1165	124.84 वर्ग मीटर
10	5268/28.03.2023	जमीला पत्नी शोकत बली, वार्ड नं. 24 धीरू खां की ढाणी, राजगढ़ (चूरू)	1165	124.84 वर्ग मीटर
11	5269/28.03.2023	शुभकरण पुत्र महावीर सिंह, वार्ड नं. 14 राजनगर कॉलोनी, राजगढ़ (चूरू)	1709/723	92.79 वर्ग मीटर
12	5270/28.03.2023	छाजूराम पुत्र काशीराम, वार्ड नं. 27 राजगढ़ (चूरू)	1932/262	403.15 वर्ग मीटर
13	5271/28.03.2023	प्रेमप्रकाश पुत्र महावीर सिंह, वार्ड नं. 14 राजनगर कॉलोनी, राजगढ़ (चूरू)	1709/723	92.89 वर्ग मीटर
14	5272/29.03.2023	सोमवीर पुत्र श्री जगनाराम, वार्ड नं. 15 सांखू रोड के पास राजगढ़ (चूरू)	797	418.05 वर्ग मीटर
15	5273/29.03.2023	सतााल पुत्र शेरसिंह, ज्योति नगर, राजगढ़ (चूरू)	749	371.60 वर्ग मीटर
16	5274/29.03.2023	महताब कौर पत्नी ओमप्रकाश, वार्ड नं. 38 हिसार रोड, राजगढ़ (चूरू)	244	374.01 वर्ग मीटर
17	5274ए/29.03.2023	राजवीर पुत्र जयसिंह, वार्ड नं. 13 राकेश विहार, राजगढ़ (चूरू)	1456	253.15 वर्ग मीटर
18	5275/29.03.2023	मितलेश पत्नी नरेश सिंह, वार्ड नं. 13 सी.आर. स्कूल के पास राजगढ़ (चूरू)	204	174.65 वर्ग मीटर
19	5276/29.03.2023	कमला पत्नी बालूराम, वार्ड नं. 16, सुभाष नगर, राजगढ़ (चूरू)	781	278.70 वर्ग मीटर
20	5277/29.03.2023	अनु कुमारी पत्नी संजय, वार्ड नं. 38, आईडियल स्कूल के पीछे, राजगढ़ (चूरू)	142	300.99 वर्ग मीटर
21	5278/29.03.2023	सलीम पुत्र सतार, वार्ड नं. 16, सुभाष नगर, राजगढ़ (चूरू)	778	185.80 वर्ग मीटर
22	5279/29.03.2023	संदीप कुमार पुत्र मेवासिंह पूनिया, वार्ड नं. 01 राम नगर त्रिदेव, मंदिर के पास, राजगढ़	561/277	332.96 वर्ग मीटर
23	5280/29.03.2023	भतेरी देवी पत्नी मेवासिंह पूनिया, वार्ड नं. 01 राम नगर त्रिदेव, मंदिर के पास, राजगढ़	561/277	266.01 वर्ग मीटर
24	5281/29.03.2023	शरीफ खान पुत्र श्री मोहम्मद इब्राहीम, वार्ड नं. 26 कुब्बा मस्जिद के पास, राजगढ़	1153	160.00 वर्ग मीटर
25	5282/29.03.2023	युसुफ अली कुरेशी पुत्र अली कुरेशी, वार्ड नं. 26 मोहल्ला धीरू खां की ढाणी राजगढ़	1152	343.80 वर्ग मीटर
26	5283/29.03.2023	युसुफ अली कुरेशी पुत्र अली कुरेशी, वार्ड नं. 26 मोहल्ला धीरू खां की ढाणी, राजगढ़	1152	343.80 वर्ग मीटर
27	5284/29.03.2023	जैतुन युसुफ कुरेशी पत्नी युसुफ कुरेशी, वार्ड नं. 26, धीरू खां की ढाणी, राजगढ़	1152	343.80 वर्ग मीटर
28	5285/29.03.2023	शिवकुमार पुत्र गंगाराम, वार्ड नं. 13 माता मण्डी के पीछे, राजगढ़ (चूरू)	2404/2220/1319	278.68 वर्ग मीटर
29	5286/29.03.2023	लियाकत पुत्र गफूर खान, वार्ड नं. 26 धीरू खां की ढाणी, राजगढ़ (चूरू)	1134	188.38 वर्ग मीटर
30	5287/29.03.2023	मो. सबीर पुत्र यासीन खान, वार्ड नं. 24 बहल रोड के पास, राजगढ़ (चूरू)	1165	156.06 वर्ग मीटर
31	5288/31.03.2023	रामवीर पूनिया पुत्र प्रतापसिंह, वार्ड नं. 37 सिद्धमुख मोड के पास, राजगढ़ (चूरू)	66	339.98 वर्ग मीटर
32	5289/31.03.2023	पवन कुमार मीणा पुत्र रूपचंद वार्ड नं. 15 किसान नगर, राजगढ़ (चूरू)	758/759	179.09 वर्ग मीटर
33	5290/31.03.2023	मुकेश कुमार पुत्र मानसिंह, वार्ड नं. 13 तारानगर रोड, के पास, राजगढ़ (चूरू)	1998/210	27.87 वर्ग मीटर

(रजिया गहलोत)
अध्यक्ष
नगरपालिका, राजगढ़ (चूरू)

(प्रियंका बुडानिया)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, राजगढ़ (चूरू)

जन आक्रोश रैली के सभा स्थल का निरीक्षण

चूरू, (का. सं.)। यहां 11अप्रैल को आयोजित होने वाली जन आक्रोश रैली की तैयारियां जोरों से चल रही है। आज पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण, पूर्व जिलाध्यक्ष बसन्त शर्मा, विधानसभा संयोजक पदमसिंह राठौड़, जिला महामंत्री भास्कर शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व दीन दयाल सैना, जिला उपाध्यक्ष चन्द्राराम गुरी, अभिषेक चोटिया, विक्रम कोटवाद, नारायण बेनीवाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गोपाल बालान, अल्पसंख्यक मौर्चा जिलाध्यक्ष अख्त्र खान, शेरू गोयनका, मंडल महामन्त्री सी पी शर्मा, राजेश माटोलिया, राकेश थालोड़, विश्वनाथ जांगिड़, सुनील ढाका, देवेंद्र आदि ने कार्यक्रम स्थल सनसिटी मैदान में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। जन आक्रोश रैली के जिला संयोजक व पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण ने कहा कि यह जनआक्रोश रैली चूरू की बड़ी रैली होगी, जिसमें चूरू विधानसभा क्षेत्र से दस हजार कार्यकर्ताओं सहित पूरे जिले से तीस हजार से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

शब्दों के बोझ से रहित प्रार्थना करें : दंडी स्वामी

चूरू, (का.सं.)। शब्दों के बोझ से रहित प्रार्थनाएं ईश्वर तक शीघ्र पहुंचती है। मन की गहराईयों से उठी प्रार्थना जब नैत्रों को सजल करके उठती हैं तो ईश्वर उसको उसी क्षण स्वीकार कर लेते हैं। यह बात शंकराचार्य के शिष्य दंडी स्वामी प्रेमनारायणश्रम महाराज ने ओझा की बगीची में स्थित शिव मंदिर प्रांगण में सती अनुसुईयाा जयंती के अवसर पर बोलते हुये कही।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित मातृ शक्ति के बीच बोलते हुये कहा कि नारी के लिए पतिव्रत धर्म सर्वोपरि है। उससे बढ़कर उसके लिए कुछ नहीं है। सती अनुसुईया ने अपने पतिव्रत धर्म के बल पर ब्रह्मा, विष्णु व महेश को दूध पीते बालक का स्वरुप प्रदान कर मां सरस्वती, लक्ष्मी व पार्वती के अहंकार को तोड़ दिया। इन्होंने कहा कि कर्म का फल तो हम सबको भोगना ही पड़ेगा चाहे उसे हंसकर भोगा जाये अथवा रोकर तो क्यों नहीं चेहरे पर मुस्कान रखकर कर्म के फल को भोगा जाये। सत्संग व भगवान की भजन करने से कष्ट को सहन करने की हमारे अंदर एक सामर्थ्य पैदा होती है। ईश्वर भजन के बल पर हम बडे.से बड़ा कष्ट भी आसानी से झेल लेते हैं। जिसके जीवन में भजन का अभाव है। उसे अंत में कष्ट उठाना पड़ता है। ईश्वर मानव को भजन करने का पूरा मौका देता है। उसे बुद्धि, विवेक, इंद्रिय की ताकत सबकुछ देता है लेकिन मनुष्य उसे परमपिता परमात्मा का भजन न करके संसार के अंदर रचा पचा रहता है। अंत में भी जब उसको अपने ही लोग ठुकरा देते हैं तो ईश्वर उसको अपने पास बुलाना चाहता है कि अभी भी वक्त है तू मेरा भजन कर ले। इसी दौरान दंडी स्वामी ने मनुष्यों को परहित करने की बात कही और कहा कि आज सुखी वो है जिसके जीवन में ईर्ष्या, क्रोध, वैरभाव, लोभ नहीं है। जो दूसरे को देखकर सुखी होता हो ना कि दूसरे को देखकर ईर्ष्या करता है। संसार में दो प्रकार के जीव है एक तो दूसरे को पछाड़ कर आगे बढ़ता हैं दूसरा अपने से उच्च से प्रेरित होकर आगे बढ़ता है।

उन्होंने सती अनुसुईया के चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये कहा कि नारियों को सती अनुसुईया, सती सावित्री के जीवन से प्रेरणा लेने चाहिए। जिन्होंने अपने पतिव्रत धर्म के लिए यमराज तक से भीड़ गई। इन्होंने कहा कि जो सदैव दूसरे की भलाई के लिए सोचता है। दूसरे के दु:ख को देखकर उसे दूर करने का प्रयास करता है। वह सच्चे अर्थों में एक इंसान है। इस मौके पर अंत में महाराज ने श्याम पीया मोरी रंग दे चुनरिया भजन गाकर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इस मौके पर पंडित जनार्दनाचार्य श्रीनिवास रामानुजदास महाराज, परेश्ववर सैन, पंडित शिवरत्न पुरोहित, सांवरमल हलवाई, छोटूलाल सैनी, दर्शन शर्मा, नवरत्न पुजारी सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित थी।

रतनगढ़ को जिला बनाने की मांग

रतनगढ़, (नि.स.)। रतनगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर रतनगढ़ जिला बनाओं आन्दोलन समिति की और से गढ़ परिसर के आगे दिया जा रहा धरना सातवें दिन सोमवार को भी जारी रहा।

धरने की अगुवाई कर रही डॉ संजुबाला शर्मा ने बताया की सोमवार को सांसी समाज ,श्री नामदेव सेवा समिति, खुद्रा फल एंव सब्जी विक्रेता संघ, मेघवाल समाज, बैंड बाजा संघ आदि ने धरने को समर्थन दिया है। साथ ही अभिभाषक संघ व अखिल भारत हिन्दू युवा मोर्चा धरने पर लगातार सहयोग कर रहे है।

सोमवार को धरने गोपीकृष्ण भगेलेवाला, ओमप्रकाश रिणवां, षणमुखम साकृत्य, विनोद बर्फिया, लक्ष्मी नारायण, सत्यनारायण, अर्भाभषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट देवेन्द्र कुमार चोटियां, विनोद बर्फिया,लालचंद पवांर, एडवोकेट रजामुराद, एडवोकेट निर्मल बुढ्ढाढरा, रजनीकांत, सुशील इन्दोरिया, नाथी साटिया, कमला साटिया, ओमप्रकाश रिणवां आदि बैठे थे।

लिलकी में ग्राम समिति बनी

सादुलपुर, (नि.सं.)। भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष गोविंद गौड़ व तहसील प्रभारी कैलाश जैवलियां ढाणा द्वारा जन आंदोलन के प्रथम चरण में चूरु जिले के प्रत्येक खेत को सिंचाई के पानी की मांग हेतु शारदा यमुना साबरमती लिंक प्रोजेक्ट के लिए जन जागरण अभियान के अंतर्गत सोमवार को राजगढ़ तहसील की ग्राम पंचायत लिलकी में ग्राम समिति का गठन किया।

समिति अध्यक्ष पवन कुमार, मंत्री महेंद्र गोस्वामी, युवा प्रमुख नवीन कुमार, महिला प्रमुख शारदा, व्यसन मुक्ति प्रमुख बनेसिंह सगड, स्वस्थ प्रमुख राजपाल नेहरा, जैविक प्रमुख रणवीर पचार, गौ सेवा प्रमुख रामचंद्र पचार, जल संरक्षण प्रमुख डूंगर राम भामी, पौधारोपण प्रमुख सत्यवीर पचार, सुरक्षा प्रमुख सत्यवीर सिंह आदि को सर्व समिति से बनाया गया। ग्राम समिति बैठक में सभी ग्रामीणों को चूरू सिद्धमुख तहसील अध्यक्ष गोविंद गौड़ ने आंदोलन को लेकर प्रकाश डाला। मुकेश रामपुरा ने बताया कि प्रथम चरण में सभी सरपंचों को जिला पार्षद को सदस्य पंचायत समिति सदस्यों को ज्ञापन देने का कार्यक्रम भारतीय किसान संघ का चूरू जिले जन जागरण अभियान चल रहा है। इसी कड़ी के सोमवार को पंचायतों का दौरा किया गया। तहसील अध्यक्ष गोविंद गोड़ कैलाश जैवलियां अध्यक्षता में चल रही जन जागरण यात्रा में लीलकी ग्राम समिति अध्यक्ष पवन कुमार एवं ग्राम समिति के समस्त पदाधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायत लीलकी सरपंच को ज्ञापन देने के बारे में बातचीत की।

इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीणों ने गांव की चौपाल में हेमराज सिंह, रणसिंह, राजेंद्र पचार, रोहतास, बिरसिंह, सोनवीर, चेतराम, महावीर नेहरा, जगदीश शर्मा, मानसिंह आदि ने मीटिंग की तथा सरपंच को ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया।

बिगड़ी कानून व्यवस्था पर रोष जताया

बीदासर, (नि.सं.)। भाजपा एससी मोर्चा बीदासर द्वारा बाड़मेर जिले में बालोतरा में दलित महिला के साथ हुए दुष्कर्म के बाद जलाकर हत्या एवं राजस्थान की बिगड़ी कानून व्यवस्था के विरोध में सोमवार को प्रदेश एससी मोर्चा उपाध्यक्ष बी एल भाटी के नेतृत्व में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा राज्यपाल के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को दिया गया। इस मौके पर बी एल भाटी ने बताया कि राजस्थान में महिलाओं और दलितों पर हो रहे अत्याचार पिछले चार साल में बहुत बढ गये है महिलाएं राजस्थान में असुरक्षित है अपराध चरम पर है अपराधियों पर अकुंश नहीं लगने से महिलाओं व दलितों पर अत्याचार बढ गये है। ज्ञापन देने वालो में पालिका अध्यक्ष सीताराम भोभरिया, मण्डल अध्यक्ष अरुण तिवारी साहित अनेक जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजपा की कार्यशाला हुई

रतनगढ़, (नि.सं.)। भारतीय जनता पार्टी राजस्थान के बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत नमो वॉलिन्टीयर की नियुक्ति प्रत्येक बूथ पर कर रही है।

रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी आठ मंडलों की कार्यशाला सोमवार को पोद्दार गेस्ट हाउस में प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता के आतिथ्य में संपन्न हुई। भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रपट के समक्ष पुष्पांजलि व धूप अगरबत्ती कर वंदेमातरम गायन के साथ मंचासीन अतिथियों ने कार्यशाला का शुभारंभ किया । बैठक में रतनगढ विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष, प्रभारी व मंडल पदाधिकारियों ने भाग लिया ।

भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को नींव की ईंट बताते हुए कहा कि अल्पकालीन विस्तारकों के तीन प्रमुख कार्य हैं फोटो युक्त बूथ समिति बनवानी, पन्ना प्रमुख की नियुक्ति, बूथ समिति को वाट्सअप ठ्रूप चैनल से जोड़ना है ।

विधायक अभिनेष महर्षि ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के आम खाने के व दिखाने के अलग - अलग हैं, इस नाकारा सरकार की जनविरोधी नीतियों को लेकर हम जनता के बीच में जायेंगे । भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अरविन्द इंदौरिया ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कुशल नेतृत्व में जो भी काम कार्यकर्ताओं को मिलता है उसे पूरी ईमानदारी से संपन्न करेंगे, चुनावी वर्ष का अब समय आ गया है जब हम सब मिलकर कार्यकर्ता के रूप में गेम चैंजर साबित होंगे।

कार्यशाला को भाजपा नेता अर्जुन सिंह फ्रांसा, जिला अध्यक्ष दीनदयाल पारीक, ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री महेंद्र यादव, प्रदेश मंत्री सुनील गहलोत, छापर मंडल अध्यक्ष जयराम जांगीङ, राजलदेशर मंडल अध्यक्ष पवन बोथरा, चाङवास मंडल अध्यक्ष भवानी सिंह राजपुरोहित ने भी संबोधित किया ।

खाना खिलाया

चूरू, (का. सं.)। ऑल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान की तरफ से रमाजन के महीने में जरूरतमंदों को खाना खिलाया गया। उस्मानाबाद कॉलोनी सहित जरूरतमंदों ने संस्थान के जिलाध्यक्ष संजय खान घांघू का और उनकी टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

नाम परिवर्तन

मैं सुरेश कुमार पुत्र अर्जुनलाल सिहाग जाति जाट, निवासी दान्दू तहसील व जिला चूरू बयान करता हूं कि मेरे पुत्र को स्कूल में प्रवेश दिलाते समय गलती से उसका नाम अंशु सिहाग, मेरा नाम सुरेश सिहाग व मेरी पत्नी का नाम सुमन दर्ज हो गया, जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम अंशु सिंह, मेरा सही नाम सुरेश कुमार व मेरी पत्नी का सही नाम सुमन कुमारी है तथा अन्य दस्तावेजों में भी यही दर्ज है।

शपथग्रहिता- सुरेश कुमार

हैतुक दर्शित करने के लिए सर्व साधारण की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल न्यायाधीश, महोदय, चूरू (राजस्थान)
धर्मेन्द्र सिंह बनाम **सर्व साधारण आदि**
दावा संख्या /2023
दावा बाबत उदघोषण वादी के पिता के स्वर्गीय श्री रणवीर सिंह के अन्य वारिसान ने जो परित्याग पत्र उप पंजीयक कार्यालय चूरू में पंजीयन करवाया था।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वादी श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री रणवीर सिंह जाति जाट (बुडानिया) उम्र 61 वर्ष निवासी ग्राम दुधवाखारा तहसील व जिला चूरू हाल निवासी वार्ड नंबर नया 19, चूरू तहसील व जिला चूरू (राजस्थान) द्वारा दावा संख्या 19/2023 अनवानी धर्मेन्द्र बनाम सर्वसाधारण आदि वास्ते घोषणा वादी के पिता के स्वर्गीय श्री रणवीर सिंह के अन्य वारिसान ने जो परित्याग पत्र उप पंजीयक कार्यालय चूरू में पंजीयन करवाया था की घोषणा कराने जाने का पेश किया है, अगर किसी आम व खास को आपत्ति हो, तो आगामी पेशी दिनांक 29.04.2023 को समय 7.30 एएम बजे न्यायालय में असालतन या वकालतन आपत्ति पेश कर सकते है, किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं आने की सूरत में प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा। उक्त नोटिस आज दिनांक 10.04.2023 मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

आज्ञा से
न्यायालय सिविल न्यायाधीश
चूरू (राजस्थान)

बिनोला की आड़ में डोडा पोस्त तस्करी, एक गिरफ्तार

सादुलपुर, (नि.सं.)। राजगढ थाना पुलिस के राजीव रॉयल ने मय जाब्ता के 10 अप्रेल 2023 को गस्त के दौरान सडक़ आम रेलवे स्टेशन से पिलानी फाटक रोड़ पर आरोपी शुभम जसवाल पुत्र जसमेर सिंह राजपूत उम्र 28 साल निवासी भदसाली पुलिस थाना हरोली जिला उना हिमाचल प्रदेश के कब्जा से ट्रक के डाला में बिनोला (कॉटन सीड्स) के कट्टों के बीच में रखे प्लास्टिक के कट्टा से 37 किलोग्राम डोडा पोस्त चूरा जब्त कर आरोपीको गिरफ्तार किया।

राजगढ थाने में धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रकरण का अनुसंधान उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार राधेश्याम पुलिस थाना हमीरवास को सौंपा गया है। आरोपी से जब्तशुदा मादक पदार्थ के सम्बन्ध में पूछताछ व अनुसंधान जारी है तथा प्रारंभिक पुछताछ में आरोपी द्वारा मादक पदार्थ मध्यप्रदेश से हिमाचल प्रदेश लेकर जाना सामने आया है। कार्यवाही में जिला स्पेशल टीम की अहम भूमिका रही। राजीव रॉयल उपनिरीक्षक राजगढ, सुरेश कुमार कांस्टेबल, पवन कुमार कांस्टेबल, लिलाधर कांस्टेबल व सचिन कुमार कांस्टेबल आदि कार्यवाही में शामिल रहे।

लोकार्पण किया

बीदासर, (नि.सं.)। 35 लाख रूपये की लागत से बने ग्राम पंचायत सारंगसर के भवन का लोकार्पण सोमवार को विधायक मनोज मेघवाल ने किया।

इस अवसर पर विधायक मेघवाल ने सारंगसर के राजकीय उमा विद्यालय बस्ती में इंटरलॉक सड़क एवं कुंड निर्माण कार्य का, अमृत सरोवर आकानाड़ि तालाब का, राजपुत शमशान भूमि का, सर्व समाज शमशान भूमि का, दूर्गा राम जाखड़ के घर से मालाराम बावरी के घर तक, नायक मौहल्ले लाखों रूपये से बनी सीसी सडकों का लोकार्पण भी पंचायत भवन से सामूहिक रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान कई लोग मौजूद रहे।

झुंझनूं में बाबा गंगाराम मेला संपन्न, अमृतवाणी का लोकार्पण हुआ

झुंझुनूं,(निसं)। शहर के श्री पंचदेव मंदिर में आयोजित बाबा गंगाराम मेला आशीर्वाद दिवस के उपलक्ष में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। मंदिर परिसर में इस अवसर पर भक्तों का तांता लगा हुआ था।

भक्ति से भरे वातावरण में श्रद्धालुओं ने पूजन वंदन किया व प्रसाद चढाकर मनौतियां मांगी। कोलकाता के कारीगरों द्वारा सजाया हुआ आकर्षक बाबा गंगारामजी का श्रृंगार सबका मन मोह रहा था। महोत्सव में कोलकाता, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरू, सूरत, अहमदाबाद, आसाम, पटना व उत्तर प्रदेश से बडी संख्या में प्रवासी भक्त पधारे। मंदिर ट्रस्ट की ओर से ट्रस्टी अनिल कुमार मोदी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। सुबह साढे आठ बजे से मंदिर सभागार में बाबा गंगाराम अमृतवाणी का सामूहिक संगीतमय पाठ हुआ। जिसमें पुरूषों एवं महिलाओं की उत्साहजनक भागीदारी रही। इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल के मधुर स्वरों में रिकॉर्ड की गई बाबा गंगाराम अमृतवाणी का लोकार्पण भी किया गया। दोपहर 3 बजे से पंचदेव मंदिर प्रांगण में विशाल भजन संध्या हुई। जिसमें कोलकाता के विख्यात भजन गायक नवीन जोशी एवं पंजाब के सुप्रसिद्ध भजन गायक मयंक अग्रवाल ने सुमधुर भजन प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। भजन गायकों ने भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति से वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। भक्तजन झूमते नाचते हुए बाबा के जयकारों का उद्घोष कर रहे थे। बाबा का महोत्सव पुष्प वृष्टि करके एवं बधाई बांटकर मनाया गया। आशीर्वाद मंदिर में भी दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा हुआ था। सफेद संगमरमर से निर्मित त्याग, वैराग्य, भक्ति और समर्पण के प्रतीक आशीर्वाद मंदिर में भक्त शिरोमणि देवकीनंदन एवं शक्ति स्वरूपा देवी गायत्री के दिव्य विग्रह की फूलों से सुसज्जित झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। मंदिर में आकर्षक विद्युत सज्जा देखने लायक थी। मंदिर को केसरिया पताकाओं से सजाया गया था एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। रेवाडी की स्वचालित झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामचंद्र मोदी, प्रमोद मोदी, गिरीश सर्राफ, अशोक केजरीवाल, संजय जालान, अशोक सुल्तानिया, महेश मोदी, निर्मल मोदी, विमल टमकोरिया, अरूण राणासरिया, प्रदीप मोदी, प्रदीप पाटोदिया, दीपक मस्करा, अंकुर मोदी, रमाकांत मोदी, अमित चनानिया, नरेंद्र मोदी, महेंद्र गोटेवाला, रमेश तोलासरिया विशेष रूप से सक्रिय थे। धार्मिक एवं भक्तिमय परिवेश में महाआरती से समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम में बडी संख्या में लोग एवं भक्त आए। भंडारे का आयोजन किया। बैशाख बदी चतुर्थी को आशीर्वाद दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम होता है। भक्त बाबा के दरबार में मनौतियां मांगते हुए श्रद्धा प्रकट करते हैं।